सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## षोडश सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि 06 चैत्र, 1937 (श0) / 27 मार्च, 2015 (ई0)

प्रश्नों की कुल संख्या 72

| | |
|---|---|
| (1) ऊर्जा विभाग .. .. | 39 |
| (2) स्वास्थ्य विभाग .. .. | 29 |
| (3) पर्यटन विभाग .. .. | 01 |
| (4) आपदा प्रबंधन विभाग .. .. | 02 |
| (5) योजना एवं विकास विभाग .. .. | 01 |
| कुल योग — | 72 |

विद्युत् आपूर्ति करना

*595. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत हलसी प्रखण्ड के सिरखिण्डी पंचायत अन्तर्गत बहछा खुरियारी, लहुआरा, सिरखिण्डी एवं संडा गाँव के बीच पिछले साल 2014 में आँधी-तुफान से सात बिजली पोल टूट गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पंचायत में टूटे हुये सात पोल के स्थान पर नया पोल एवं तार लगाकर विद्युत् आपूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण करना

*596. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत प्राणपुर प्रखण्ड के धरहन, रहिका, डुण्डैली, काठघर, दुर्गापुर कोशीपुर, काबिलपुर, लाभा, महादेवपुर, ननसुरी, लालगंज, खुशहालपुर, बंगाली टोला, अमडौल सहित 120 गाँवों में अबतक विद्युतीकरण नहीं होने के कारण 60 हजार की आबादी अंधेरे में है ;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार जनहित में उक्त सभी गाँवों का कबतक विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पोल लगाना

*597. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखण्ड अन्तर्गत मरंगी ग्राम पंचायत से रघुनीचक में हफला चौक से रेलवे गुमटी तक बिजली का तार लकड़ी के पोल पर लटकाया गया है जिससे कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर लकड़ी के पोल की जगह लोहे का पोल लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*598.-डॉ0 इजहार अहमद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 26 दिसम्बर, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''ठिठुर रहे मरीज, नहीं मिल रहा कम्बल'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बेनीपुर अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती मरीजों को भीषण ठंडक में कम्बल आदि आपूर्ति नहीं किये जाने के फलस्वरूप काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल के मरीजों के हित में यथा वाँछित आवश्यकताओं के आलोक में कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

औचित्य बतलाना

*599. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना के कार्यालय आदेश सं0 22884, दिनांक 17 अक्टूबर, 2011 के अनुसार राज्य के अन्दर सभी प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक एवं मेडिकल कॉलेजों एवं अस्पतालों में संविदा पर कार्यरत स्वास्थ्य प्रबंधकों को 10 प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि देने का आदेश दिया गया एवं इसे सभी संबंधित जगह लागू भी किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दरभंगा चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, दरभंगा के अधीक्षक ने अपने आदेश ज्ञापांक 342, दिनांक 29 जनवरी, 2015 में स्वास्थ्य प्रबन्धकों को यह वेतन वृद्धि मात्र 5 प्रतिशत देने का निर्णय लिया है एवं दिये गये 10 प्रतिशत वृद्धि में से 5 प्रतिशत को वापस स्वास्थ्य प्रबन्धक से लेने का आदेश निर्गत किया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

पोल लगाना

*600. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत बड़हिया प्रखण्ड के खुटहा एवं लखीसराय नगर परिषद् के नेरी, चरोखरा में पोल के जगह पर बांस में विद्युत् तार बाँधा हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बांस के गिर जाने से कई बार आदमी एवं जानवर विद्युत् प्रवाह से मरते रहे हैं ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बांस को हटाकर विद्युत् पोल गाड़ने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

अति0 प्रा0 स्वा0 केन्द्र खोलना

*601. श्री संजय सिंह ''टाईगर''--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग,यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत कोईलवर प्रखण्ड का चाँदी बाजार स्वा0 उप-केन्द्र पर आस-पास के 10 पंचायतों के लोगों को समुचित चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार चाँदी बाजार में अतिरिक्त प्रा0 स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का विचार रखती है ?

---

विद्युत् आपूर्ति कराना

*602. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड अन्तर्गत महुआ उत्तरवाड़ी पंचायत के बढौर, सिंगारपुर, बैठ मुसहरीरमना, तारारही, मोतीबारी को वर्ष 2010-11 में विद्युतीकरण योजनान्तर्गत चुन लिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सभी पंचायत के लोग कन्ज्यूमर भी बन गये हैं तथा पोल भी गाड़ दिया गया है परन्तु उक्त पोल पर तार नहीं लगाया गया जिसके कारण उक्त सभी पंचायत के लोग विद्युत् से वंचित हैं ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जनहित में उक्त पंचायतों में कबतक तार लगाकर विद्युत् आपूर्ति सुनिश्चित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण करना

*603. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखण्ड के तिलकताजपुर ग्राम के राजकीयकृत मखनु उच्च विद्यालय से बागमती तटबंध होते हुये बिपिन सिंह चौक तक विद्युतीकरण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जगह के विद्युतीकरण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

अति० स्वा० केन्द्र खोलना

*604. श्री कृष्णनंदन पासवान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के तुरकौलिया प्रखण्ड के महनवा बाजार एवं हरसिद्धि प्रखण्ड के हरपुर राय पकड़ी बाजार में चिकित्सा केन्द्र नहीं होने से आम जनों को चिकित्सा हेतु दूर जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों स्थान पर अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

ट्राँसफॉर्मर लगाना

*605. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर प्रखण्ड के मड़वा पश्चिम पंचायत के सहोड़ा ग्राम में विद्युत् ट्राँसफॉर्मर नहीं रहने के कारण भोल्टेज बहुत कम रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव में कबतक विद्युत् ट्राँसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

कार्रवाई करना

*606. श्री पवन कुमार जायसवाल--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 23 जनवरी, 2015 को प्रकाशित ''प्रदेश के 40 डॉक्टरों पर कार्रवाई में पेंच'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2014 में प्रदेश के 40 डॉक्टरों पर दवा कम्पनियों से अवैध तरीके से पैसा लेने का आरोप लगा था ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्टेट मेडिकल कौंसिल एवं राज्य स्वास्थ्य समिति उक्त मामलों में एक दूसरे पर जिम्मेवारी थोप रहे हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रदेश के 24 डॉक्टरों पर पैसा लेकर मरीजों को उसी कम्पनी की दवा लिखने की शिकायत की जाँच भी बाधित है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रदेश के 40 डॉक्टरों पर लगे आरोप की उच्चस्तरीय जाँच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रतिनियुक्ति करना

*607. श्री सबा जफर--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत अमौर विधान-सभा क्षेत्र के अन्तर्गत प्रखण्ड बैसा के पी०एच०सी० में डॉक्टर, महिला डॉक्टर और ए०एन०एम० का पद पिछले तीन वर्षों से रिक्त है, यदि हाँ, तो जिला मुख्यालय से 60 कि०मी० दूर इस स्वास्थ्य केन्द्र में उक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति हेतु सरकार की क्या योजना है ?

------

ट्रॉसफॉर्मर लगाना

*608. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखण्ड अन्तर्गत मरंगी पंचायत के मरंगी पासवान टोला में 70 से अधिक विद्युत् उपभोक्ता हैं, जिसे 25 के०भी०ए० के ट्रॉसफॉर्मर से विद्युत् आपूर्ति की जाती है जिससे लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर 100 के०भी०ए० ट्रॉसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

विद्युत् पोल एवं ट्रॉसफॉर्मर लगाना

*609. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत खरीक प्रखण्ड के ढोढिया दादपुर पंचायत के पासवान टोला ढोढिया (बेरियारही) में ट्रॉसफॉर्मर एवं पोल नहीं रहने के कारण यहां के ग्रामीण बिजली की सुविधा से वंचित हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव में विद्युत् पोल एवं ट्रॉसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

सुधार करना

*610. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला में विभाग द्वारा लगाये गये नये विद्युत् मीटर (इलेक्ट्रॉनिक मीटर) खपत से अधिक बिजली रीडिंग दर्शाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि रीडिंग सही नहीं होने के कारण उपभोक्ताओं को अधिक बिल भुगतान हेतु भेजा जाता है, जिसके कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इलेक्ट्रॉनिक मीटर एवं रीडिंग में सुधार करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जाँच कराना

*611. डॉ० (मो०) जावेद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के किशनगंज विधान-सभा क्षेत्र अंतर्गत किशनगंज नगरपालिका क्षेत्र में विद्युतीकरण का कार्य गोदरेज कम्पनी द्वारा किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिजली पोल गराई में बिना ढलाई एवं बिना कोई सामग्री दिये ही कार्य किया जा रहा है, जिससे दुर्घटना की आशंका है, यदि हाँ, तो इसकी जाँच एवं कार्रवाई हेतु सरकार की क्या योजना है ?

--------

उपाय करना

*612. श्री पवन कुमार जायसवाल--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 14 जनवरी, 2015 को प्रकाशित शीर्षक''2,000 किलो मेडिकल कचड़ा जायेगा कहाँ'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पटना और आस-पास के सरकारी और निजी अस्पतालों से प्रति दिन लगभग 2,000 किलो मेडिकल कचड़ा निकलता है जिसे आई०जी०आई०एम०एस० के बायो मेडिकल प्लांट में नष्ट किये जाने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आई०जी०आई०एम०एस० स्थित बायो मेडिकल प्लान्ट की चिमनी जर्जर होने के कारण प्लांट बन्द हो गया है, जिससे संक्रामक बीमारियाँ जैसे हेपेटाइटिस-बी, एच०आई०वी०, डायरिया इत्यादि फैलने का खतरा बढ़ गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बायो मेडिकल कचड़ा नष्ट करने हेतु ठोस उपाय करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*613. श्री (डॉ०) अच्युतानन्द--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 31 जनवरी, 2015 के अंक में छपी खबर ''सरेंडर किये गये 2,615 करोड़ रुपये'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ऊर्जा विभाग द्वारा 1,000 करोड़ की योजना बजट की राशि जनवरी, 2015 में सरेंडर कर दी गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राशि रहते हुये कार्य नहीं कराये जाने के कारण राज्य के गाँवों में बिजली पहुँचाने की योजना सफलीभूत नहीं हो पायी ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार योजना मद की राशि नहीं खर्च करने के लिये दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सब-स्टेशन बनाना

*614. श्री सोनेलाल हेम्ब्रम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के कटोरिया प्रखंड अन्तर्गत जयपुर में 33,000 (तैंतीस हजार) के०भी०ए० का बिजली का सब-स्टेशन स्वीकृत है और अभी मात्र 11,000 के०भी०ए०का लाइन

जोड़ा गया है तथा उसके लिये सब-स्टेशन नहीं बना हुआ है, यदि हाँ, तो इस दिशा में शीघ्र कार्रवाई हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है ?

--------

पदस्थापना करना

*615. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत गुरारू प्रखंड के बरोरह गाँव में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों का पदस्थापन नहीं रहने के कारण नागरिकों को चिकित्सा से वंचित रहना पड़ता है, यदि हाँ, तो उक्त पदस्थापन हेतु सरकार की क्या योजना है ?

--------

औचित्य बतलाना

*616. श्री कृष्णनंदन यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के खिजरसराय प्रखंड के ग्राम-होरमा, रमण बिगहा, पाठक बिगहा, बिन्दौरा, पचोई, छतरहर, गंगा बिगहा, डेमा, डेमाफतेहरपुर गोसाईमठ में राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजना के द्वारा विद्युतीकरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

--------

चालू रखना

*617. श्रीमती सुखदा पाण्डेय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के बक्सर शहर के मध्य में एक अनुमंडलीय अस्पताल था जिसे बंदकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बना दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रा० स्वा० केन्द्र के रूप में प्रतिदिन यह मात्र 2-3 घंटे ही कार्यरत रहता है, जिससे मरीजों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूर्व अनुमंडलीय अस्पताल को प्रा० स्वा० केन्द्र के रूप में 24 घंटे चालू रखने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*618. श्री कृष्णनंदन यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के अतरी प्रखंड के ग्राम पंचायत नरावट में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नरावट पंचायत एवं इसके आस-पास के गाँव के लोग इलाज हेतु पी०एच०सी०, अतरी 15 कि० मी० दूर जाते हैं ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (30 बेड) ग्राम-नरावट में निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जीर्णोद्धार करना

*619. श्री शैलेश कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत खड्गपुर प्रखंड के मुजफ्फरगंज में स्वास्थ्य केन्द्र जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है जबकि कई पंचायतों का एक मात्र यही स्वा० केन्द्र है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के जर्जर भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

तार बदलना

*620. श्री कृष्णनन्दन पासवान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत हरसिद्धि बाजार के विद्युत् तार एवं पोल जर्जर हालत में है जिससे जान-माल की क्षति हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जर्जर तार को बदलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*621. डॉ० अब्दुल गफुर--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महिषी प्रखंड के 10 पंचायत एवं नवहट्टा प्रखंड के छः पंचायत पूर्वी कोसी एवं पश्चिमी कोसी तटबंध के बीच अवस्थित है जहाँ विद्युतीकरण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार इसके लिये कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

औचित्य बतलाना

*622. श्री दिनेश प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के फुलवारीशरीफ प्रखंड अन्तर्गत बाईपास के दक्षिण खेमनीचक के सुभाषनगर में आर्येन्दु कुमार उर्फ बुल्टा जी, के घर के पास 100 के०भी०ए० का विद्युत् ट्रॉसफॉर्मर लगाने की स्वीकृति वर्ष 2012 में ही दी गयी थी, यदि हाँ, तो अभीतक इसे नहीं लगाने का क्या औचित्य है ?

उप-स्वास्थ्य केन्द्र बनाना

*623. श्री (मो०) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अन्तर्गत बहादुरगंज प्रखंड के गोआबारी पंचायत में भूमि उपलब्ध होने के बावजूद अबतक उप-स्वास्थ्य केन्द्र नहीं बनायी गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत के समीपवर्ती स्वास्थ्य केन्द्र 10 कि०मी० की दूरी पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बहादुरगंज है;

(3)यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायत में उप-स्वास्थ्य केन्द्र बनवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्युतीकरण कराना

*624. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत आजमनगर प्रखंड के चोल्हर, मखतपुर, जोकड़, केलाबाड़ी, देवगाँव, खरसौता, खुरियाल, दनिहाँ, अमर सिंहपुर, निमौल, शीतलमणी, वैरिया, शीतलपुर, हरनागर तथा सिंघौल पंचायतों में आजतक विद्युतीकरण का कार्य नहीं होने के कारण 85 हजार निवासियों को अंधेरे में रहना पड़ता है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जनहित में उक्त पंचायतों में कबतक विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चहारदीवारी का निर्माण कराना

*625. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का चहारदीवारी नहीं है, जिस कारण उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का अतिक्रमण हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

मुआवजा देना

*626. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत वारिसलीगंज प्रखंड के ग्राम-मसनखामा निवासी उपेन्द्र यादव पिता-स्व० रामचन्द्र यादव की मृत्यु दिनांक 16 जनवरी, 2015 को विद्युत् स्पर्शाघात से हो गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार मृतक के परिजन को उचित मुआवजा कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

*627. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत गुरारू प्रखण्ड के ग्राम-देवकली में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र है परन्तु इसका अपना भवन नहीं है, यदि हाँ, तो उक्त भवन निर्माण हेतु सरकार की क्या योजना है ?

------------

तार बदलना

*628. श्रीमती मनोरमा प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिला के नौतन विधान-सभा क्षेत्र के नौतन प्रखण्ड के बैकुण्ठवा, संतपुर, मंगलपुर, सनसेरेया एवं महुआहाँ ग्राम एवं बैरिया प्रखण्ड के ग्राम-बलुआ रामपुरवा, बगही, रतनपुर के विद्युत् तार जर्जर हो गया है, जो कभी भी टूटकर गिर सकता है, यदि हाँ, तो सरकार जनहित में उक्त प्रखण्ड के जर्जर विद्युत् तार को बदलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

विद्युत् आपूर्ति करना

*629. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राजधानी पटना के कुम्हरार, नगीना नगर, ट्रांसपोर्ट नगर, धनकी, गाँव, सरदार पटेल पथ, संदलपुर गाँव तथा रामकृष्ण कॉलोनी में विद्युत् आपूर्ति बाँस के सहारे बिजली तार खींचकर की जा रही है जिससे आये दिन दुर्घटनायें होती रहती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित मुहल्लों में पोल गाड़कर विद्युत् आपूर्ति करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

स्थापित करना

*630. श्री दिनेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के सदर अस्पताल, आरा में एक्स-रे मशीन, अल्ट्रासाउण्ड मशीन तथा सिटीस्कैन मशीन नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त उपकरण स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

### ट्रांसफॉर्मर बदलना

*631. श्री महेन्द्र बैठा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखण्ड के अजीतपुर चौद, गाड़ा, अश्वारी, तिसीऔता सलखन्नी आदि गाँवों के ट्रांसफॉर्मर विगत एक वर्ष से जला हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जला ट्रांसफॉर्मर बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

### चहारदीवारी का निर्माण कराना

*632. श्रीमती मनोरमा प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिला के नौतन प्रखण्ड स्थित प्रा0 स्वास्थ्य केन्द्र, नौतन का चहारदीवारी नहीं होने के कारण मरीजों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रा0 स्वास्थ्य केन्द्र का चहारदीवारी का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

### स्थापित करना

*633. श्रीमती सुजाता देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर प्रखण्ड के पंचायत चौराहा के ग्राम-चौराहा की दूरी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, किशनपुर से 12 किलो मीटर है, जिससे प्राथमिक उपचार और चिकित्सा के लिये महिला, वृद्ध एवं बच्चों को जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार चौराहा गाँव में स्वास्थ्य उप-केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

### औचित्य बतलाना

*634. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, मधुबनी की अध्यक्षता में आयोजित दिनांक 30 दिसम्बर, 2014 के क्रय समिति की बैठक में निविदा के उपरान्त मेसर्स जय भैरव एग्रो एजेंसी, मधुबनी को एक वर्ष के लिये 2,31,500.00 रुपया प्रति सोलर लाइट निर्धारित दर पर अधिष्ठापन हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी थी, जिसमें माननीय सांसद एवं विधान मंडल सदस्यों के अनुशंसा पर अधिष्ठापित कराने का भी निर्णय लिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त क्रय समिति के निर्णय के आलोक में जिला योजना पदाधिकारी, मधुबनी ने अपने पत्रांक 39, दिनांक 14 जनवरी, 2015 द्वारा संयुक्त निदेशक, योजना एवं विकास विभाग, पटना से मार्ग दर्शन की माँग की गयी है, जिसके आलोक में माननीय सांसद की अनुशंसा को जि0 योजना पदा0, मधुबनी ने अपने ज्ञापांक 89, दिनांक 29 जनवरी, 2015 द्वारा स्वीकृति दे दी लेकिन मा0स0वि0प0 और स0वि0स0 के योजनाओं को अधर में लटका दिया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

## ट्राँसफॉर्मर लगाना

*635. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखण्ड के कमाल पकड़ी, गाँवों में विगत 5 वर्षों से ट्राँसफॉर्मर जल जाने से विद्युत आपूर्ति बाधित है;

(2) यदि उक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गाँव में शीघ्र ट्राँसफॉर्मर लगाकर विद्युत् व्यवस्था सुचारू करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

## ट्राँसफॉर्मर बदलना

*636. श्री महेन्द्र बैठा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखण्ड के बाजीतपुर, रसैरी, सुक्की, इमादपुर, कोआरी, मुसापुर, मौरा आदि गाँवों के ट्राँसफॉर्मर विगत 5 वर्षों से जले हुये हैं, यदि हाँ, तो इसे शीघ्र बदलने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

----------

## निर्माण कार्य कराना

*637. श्री गिरिधारी यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत पावर सब-स्टेशन, सिमुलतला का निर्माण कार्य पाँच वर्ष पूर्व प्रारम्भ हुआ परन्तु एक वर्ष से कार्य बंद है, जिसके कारण पावर स्टेशन का निर्माण कार्य अधूरा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अधूरे पावर सब-स्टेशन, सिमुलतला का निर्माण कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

## वायर बिछाना

*638. श्री दिनेश प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के फुलवारी शरीफ प्रखण्ड अन्तर्गत बाइपास के दक्षिण खेमनीचक के सुभाषनगर में आर्येन्दु कुमार उर्फ बुल्टा जी के घर से बिपिन कुमार सिन्हा के घर तक वर्ष 2000 में विद्युतीकरण कार्य किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्युतीकरण कार्य में ट्राँसफॉर्मर से लेकर बिपिन कुमार सिन्हा के घर तक बिछाये गये तार में अर्थिंग वायर नहीं बिछाया गया है, जिस कारण वोल्टेज का बहुत ज्यादा उतार-चढ़ाव होता है जिससे प्राय: विद्युत् उपकरण खराब हो जाते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अविलम्ब उक्त जगह पर अर्थिंग वायर बिछाने का काम करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## ऐम्बुलेंस मुहैया कराना

*639. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मधेपुर में एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिससे गरीब रेफर मरीज को व्यक्तिगत खर्च से प्राइवेट गाड़ी करके डी०एम०सी०एच० दरभंगा आना-जाना पड़ता है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक वर्णित अस्पताल में ऐम्बुलेंस मुहैया करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

स्थापित करना

*640. डॉ० (मो०) जावेद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अन्तर्गत सदर अस्पताल, किशनगंज में डाइलेसिस यूनिट स्थापित नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि किशनगंज के लोग अत्यंत गरीब होने के कारण अपना इलाज हेतु बाहर नहीं जा पाते हैं फलस्वरूप मृत्यु हो जाती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्तमान वर्ष में डाइलेसिस यूनिट स्थापित कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

प्रतिनियुक्त करना

*641. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत कदवा प्रखण्ड के सोनैली बाजार एवं इर्द-गिर्द के गाँवों के मरीज अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सोनैली पर इलाज कराने हेतु पहुँचते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि इस केन्द्र को उत्क्रमित नहीं किये जाने के कारण मरिजों का समुचित इलाज नहीं हो पा रहा है जिससे मरिजों को भारी कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस केन्द्र को उत्क्रमित कर बेड की संख्या बढ़ाने एवं नियमित रूप से चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

---------

प्रा० स्वा० केन्द्र की स्थापना करना

*642. डॉ० इजहार अहमद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प्रखण्ड किरतपुर के ग्राम ढांगा की कुल जनसंख्या पाँच हजार से अधिक है जहाँ ग्राम पंचायत के अन्दर एक भी स्वास्थ्य उप-केन्द्र नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जनहित में ग्राम ढांगा में प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र की स्थापना करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

जाँच मशीन लगाना

*643. श्री दिनेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत रेफरल अस्पताल, जगदीशपुर में एक्स-रे मशीन, अल्ट्रासाउण्ड मशीन तथा सिटी स्कैन मशीन नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में उक्त जाँच मशीन कबतक लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

औचित्य बतलाना

*644. श्री नितिन नवीन स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 13 दिसम्बर, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''अफसरों की लापरवाही से खाली रह गई 38 सीटें'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के पी०एम०सी०एच० में 4, पटना आई०जी०एम०एस० में 3, मगध मेडिकल, गया में 4, बेतिया मेडिकल, बेतिया में 6, दरभंगा मेडिकल में 7, मुजफ्फरपुर मेडिकल में 4, पावापुरी मेडिकल, नालंदा में 4 तथा एन०एम०सी०एच में 6 पद मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिये कुल 38 सीटें खाली रह गई है तथा पिछले वर्ष एम०बी०बी०एस० की भी 34 सीटें खाली रह गई थी, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

कार्यान्वयन करना

*645. श्री सोनेलाल हेम्ब्रम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भारत सरकार द्वारा राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजना के तहत अब सभी ग्रामों में 16 के०भी०, 25 के०भी० एवं 40 के०भी० ट्राँसफॉर्मर के बदले अब 63 के०भी० या 100 के०भी० ट्राँसफॉर्मर लगाने का निदेश दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार द्वारा 2015 तक बिहार के सभी ग्रामों में विद्युतीकरण करने का निदेश जारी किया गया था, यदि हाँ, तो इस संबंध में कार्यान्वयन हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---------

विद्युतीकरण कराना

*646. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011 में सरकार ने यह निर्णय लिया है कि राज्य के प्रत्येक गाँव का विद्युतीकरण किया जायेगा ;

(2) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत पंडौल प्रखण्ड के सागरपुर, संकौर्थ, सकरी पूर्वी, सलेमपुर, बीहनगर अन्य 26 पंचायतों के महादलित बस्ती में आजतक विद्युतीकरण नहीं किया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड को आवेदन दिनांक 15 जुलाई, 2014/ 22 सितम्बर, 2014 एवं 29 जनवरी, 2015 को सूची संलग्न कर देने के बावजूद भी वर्णित गाँव/टोला में विद्युतीकरण आजतक नहीं पहुँचा है ;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पंडौल प्रखण्ड के 26 पंचायतों के महादलित बस्ती में विद्युतीकरण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*647. श्री अरुण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है मधुबनी जिला के प्रखण्ड हरलाखी ग्राम-कलना जिसकी आबादी लगभग 2,000 है, विद्युत् ट्रांसफॉर्मर नहीं लगने के कारण काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त संबंध में पूर्व मुख्य सचेतक के पत्रांक 172, दिनांक 18 मई, 2012 द्वारा एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा मई, 2012 में ऊर्जा विभाग का ध्यान आकृष्ट कराया गया था ;

(3) क्या यह बात सही है कि ऊर्जा विभाग के पत्रांक 612, दिनांक 22 मई, 2012 के द्वारा उक्त गाँव में ट्रांसफॉर्मर लगाने का आदेश निर्गत किया गया था परन्तु अभीतक नहीं लगाया गया है ;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खण्ड (1) में वर्णित गाँव में ट्रांसफॉर्मर लगाने एवं दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

ग्रिड उप-केन्द्र बनाना

*648. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत 132/33 के०भी० ग्रिड उप-केन्द्र, मढ़ौरा में नहीं होने के कारण प्रखण्ड मढ़ौरा तथा इसुआपुर में विद्युत् आपूर्ति में काफी कठिनाई हो रही है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मढ़ौरा में 132/33 के०भी० ग्रिड उप-केन्द्र बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण कराना

*649. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के विक्रमगंज प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-मोरौना एवं पवरा में प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना हेतु राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना द्वारा वित्तीय वर्ष 2009-10 में स्वीकृति प्रदान करने के बावजूद अबतक स्वा० उप-केन्द्र स्थापित नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उन स्वास्थ्य केन्द्रों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

लाइट ठीक करना

*650. श्री अरुण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पर्यटन विभाग द्वारा पटना के सभी गंगा घाटों पर रौशनी की व्यवस्था सात वर्ष पूर्व की गयी थी परन्तु लगाये गये लाइट खराब हो चुके हैं, जिसके कारण घाटों पर शाम होने पर अंधेरा हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त खराब लाइटों को कबतक ठीक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

औचित्य बतलाना

*651. श्री राजेश्वर राज–क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत नासरीगंज, सवारी एवं पहरमा जल विद्युत् परियोजनाओं से वर्ष 2012 ई० से ही विद्युत् उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जो आजतक नहीं शुरू हो सका है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

कार्रवाई कराना

*652. श्रीमती पूनम देवी यादव–हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में 12 दिसम्बर, 2014 को छपी खबर ''बंद रहता है ठाठा का स्वास्थ्य उप-केन्द्र'' की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत मानसी प्रखण्ड के पूर्वी ठाठा पंचायत स्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्र पर प्रत्येक सप्ताह के सोमवार, गुरूवार तथा शनिवार को प्रतिनियुक्त डॉ० और ए०एन०एम० का आना अनिवार्य है लेकिन किसी भी स्वास्थ्य कर्मी के नहीं आने से स्वास्थ्य उप-केन्द्र बंद रहता है जिससे स्थानीय लोगों का स्वास्थ्य खराब होने पर सदर अस्पताल, खगड़िया जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र में प्रतिनियुक्त डॉ० तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मी पर सरकार जाँच कराकर कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्थानांतरित करना

*653. श्रीमती सुखदा पांडेय–क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर नगर की घनी बस्ती शिक्षक कॉलनी (वार्ड नं० 1) में 11,000 वोल्ट तथा 33,000 वोल्ट के दो तार घरों के ऊपर से गुजरते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि कई बार तार टूटने से घरों में आग लग गई है तथा जान-माल का नुकसान भी हुआ है, जिसके कारण वहाँ की जनता द्वारा विभाग में तथा तत्कालीन ऊर्जा राज्य मंत्री के स्तर पर आवेदन देकर वर्ष 2001 में ही गुहार लगाई थी;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उक्त तारों को दूसरे मार्ग में स्थानांतरित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

लागू कराना

*654. श्री विक्रम कुँवर–दिनांक 29 अगस्त, 2014 को हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''तैयारी के बगैर योजना का एलान, अब मरीज परेशान'' के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि इन्दिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना में मरीजों को ऑपरेशन में होने वाले महंगे खर्च को देखते हुये नये पैकेज सिस्टम लागू करने की घोषणा सरकार द्वारा एक वर्ष पहले की गई थी, परन्तु कार्यान्वयन अधूरा है, यदि हाँ, तो अबतक सरकार की क्या कार्य योजना है ?

आपूर्ति करना

*655. श्री प्रमोद कुमार—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के फुलवारीशरीफ प्रखण्डान्तर्गत रामकृष्ण नगर मुहल्ला के मदर टेरेसा पथ से स्व० शिवबालक सिंह के मकान होते हुये ज्योतिष पथ को जोड़ने वाली पथ में अवस्थित बिजली उपभोक्ताओं को बांस के सहारे विद्युत् की आपूर्ति की जा रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ में पोल एवं तार लगाकर विद्युत् आपूर्ति करने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रतिनियुक्ति करना

*656. श्री (मो०) आफाक आलम—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में दो चिकित्सक का पद स्वीकृत है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में एक ही चिकित्सक पदस्थापित हैं जिसके कारण रोगियों का इलाज सही ढंग से नहीं हो पाता है, क्योंकि स्वास्थ्य केन्द्र पर अमौर प्रखण्ड एवं जलालगढ़ प्रखण्ड के रोगी भी इलाज कराने आते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर स्वीकृत पद के अतिरिक्त दो चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण कराना

*657. श्री जनक सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत पानापुर, तरैया एवं मशरक विद्युत उप-केन्द्रों के परिसर में कनीय विद्युत् अभियंता एवं कर्मचारियों का आवास का निर्माण कार्य नहीं हुआ है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्युत् उप-केन्द्रों के परिसर में आवास निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्युतीकरण कराना

*658. श्रीमती पूनम देवी यादव—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना अन्तर्गत वर्ष 2012 तक सभी गाँवों का विद्युतीकरण करने का लक्ष्य रखा गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत खगड़िया प्रखण्ड का भदास उत्तरी पंचायत अन्तर्गत महादलित बाहुल्य राजाजान बभना गाँव का अबतक विद्युतीकरण नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राजाजान बभना गाँव का कबतक विद्युतीकरण करने का विचार रखती है ?

महिला चिकित्सक नहीं होने का औचित्य

*659. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के केसरिया प्रा०स्वा० केन्द्र में 7 डॉक्टर के जगह पर मात्र तीन ही कार्यरत हैं जिसमें महिला चिकित्सक एक भी नहीं है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

औचित्य बतलाना

*660. श्री प्रदीप कुमार—क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत वारिसलीगंज प्रखण्ड के ग्राम-शेखपुरवा में वर्ष 2013 में बुन्दी रविदास, पिता-वासो दास के घर में आग लग जाने से घर एवं घर में रखा सामान जलकर राख हो गया था, यदि हाँ, तो खुले आसमान में जी रहे इस परिवार को प्रावधान के आलोक में इन्दिरा आवास देने एवं आर्थिक मदद नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---------

विद्युतीकृत कराना

*661. श्रीमती सुजाता देवी—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर प्रखण्ड के ग्राम पंचायत नौआबाखर के ग्राम-नौआबाखर, परसाहा, परसाही, हांसा का राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजनान्तर्गत विद्युतीकरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इन गाँवों को विद्युतीकृत करने का विचार रखती है ?

---------

निर्माण कराना

*662. श्री संजय सिंह टाईगर—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत कोइलवर प्रखण्ड के बहियारा में विद्युत् सब-स्टेशन बनाने का निर्णय वर्ष 2010 में लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक मात्र चहारदीवारी का ही निर्माण किया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि इतने वर्षों के बाद भी विद्युत् सब-स्टेशन का निर्माण नहीं होने से लागत दो गुणा बढ़ गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उक्त विद्युत् सब-स्टेशन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

तार बदलना

*663. श्री प्रमोद कुमार—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के फुलवारीशरीफ प्रखण्डान्तर्गत रामकृष्ण नगर मुहल्ला में देशी शराब दुकान के पास अवस्थित विद्युत् ट्रांसफॉर्मर से लेकर ज्योतिष पथ में सिन्हा जी के मकान के पास अवस्थित ट्रांसफॉर्मर तक 440 वोल्ट एवं 220 वोल्ट का तार जर्जर अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जर्जर तार को कबतक बदलने का विचार रखती है ?

---

कार्य पूरा कराना

*664. श्री शैलेश कुमार—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत खड़गपुर प्रखण्ड के अग्रहण पंचायत के वागेश्वरी ग्राम में विद्युतीकरण का कार्य पूरा नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो इस हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---

कार्रवाई करना

*665. श्री अवधेश कुमार राय—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला में महिला चिकित्सक का पद सभी केन्द्रों के लिये सृजित रहने के उपरान्त भी सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में उनकी प्रतिनियुक्ति नहीं रहने के कारण बीमार महिलाओं को चिकित्सा में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो इस संबंध में क्या सरकार कार्रवाई का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्य पूरा करना

*666. श्री अख्तरुल इस्लाम शाहिन—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर नगर परिषद् क्षेत्र में ए टू जेड कम्पनी को विद्युतीकरण, विद्युत ट्रांसफॉर्मर स्थापित करना, विद्युत् सब-पावर स्टेशन आदि निर्माण कार्य माह जुलाई, 2014 तक पूरा करने का लक्ष्य विभाग द्वारा निर्धारित था ;

(2) क्या यह बात सही है कि समय-सीमा बीत जाने के बावजूद भी आजतक कार्य अधूरा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अधूरे कार्य को पूरा कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पटनाः
दिनांक 27 मार्च, 2015 (ई०) ।

हरेराम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि०स०मु० (एल०ए०), 167 डी०टी०पी०-450